# कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़

पत्रांक:जि0बे0शि0अ0/ /2026-27 दिनांकः- 04.07.2026

## विज्ञप्ति/सूचना

शासनादेश संख्या -1/570148/2024 File No- 68-5099/23/2024-5( ) दिनांक 28 मई, 2024, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकःके0जी0बी0वी0/1837/2024-25 दिनांक 30 मई, 2024 एवं उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या -1/775757/2024 File No- 68-5099/23/2024-अनुभाग-5 (बेसिक शिक्षा विभाग) दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय अलीगढ़ के अनुमोदन दिनांक 03 जुलाई, 2026 के अनुपालन में जनपद अलीगढ़ में उच्चीकृत 09 कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों (धनीपुर, लोधा, टप्पल, गंगीरी, अतरौली, बिजौली, अकराबाद, चण्डौस एवं जवां) में सेवा अनुबन्ध के आधार पर नियत मानदेय पर निम्नलिखित पदों पर महिला कर्मियों की आवश्यकता है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह | पदवार आरक्षण | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | EWS | |
| 1 | प्रधानाचार्या | (1) प्रशिशित एम0ए0 (हिन्दी/अंग्रजी) अथवा एम.एस.सी. (भौतिक विज्ञान/ रसायन विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि। या (3) विज्ञान में प्रशिशित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी; प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात् क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | --- | 30,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | हिन्दी में एम.ए. तथा संस्कृत के साथ बी.ए. अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल.टी. डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | 1- एम.ए. अथवा एम.एस.सी. गणित अथवा 2- गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी.ए. (आनर्स) अथवा बी.एस.सी. (आनर्स) | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 5 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1- वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम.एस.सी. अथवा 2- कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम.एस.सी., बी.एस.सी. में जन्तु विज्ञान अथवा 3- कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम.एस.सी., बी.एस.सी. में वनस्पति विज्ञान अथवा 4- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम.एस. सी. (लाइफ साइंस) अथवा 5- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी.एस.सी. | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 1- रसायन विज्ञान में एम.एस.सी. अथवा 2- रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी.एस.सी. (आनर्स) अथवा 3- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा 4- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी.एस.सी. | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 7 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | 1-एम.एस.सी. (भौतिक शास्त्र) अथवा 2- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी.एस.सी. | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 3 | 0 | 7 |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1- एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) अथवा 2- बी.ई./बी.टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 3- एम.सी.ए. अथवा एम.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेविल आफ डी.ओ.ई.ए.सी.सी. (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा 4- स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 5- स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी.एस.सी. (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए-लेविल ऑफ डी.ओ.ई.ए.सी.सी. (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | | | | | | | | |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट-विज्ञान वर्ग के साथ | --- | 7,147.00 | 7 | 5 | 0 | 6 | 2 | 20 |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/ लिपिक | 1- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो । 2- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/ परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक /NIELIT द्वारा प्रदत्त C.C.C. प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र। अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री 3- कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | --- | 12,430.00 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 11 | केयरटेकर | परास्नातक एवं बी0एड0 | --- | 24,200.00 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 12 | चपरासी | कक्षा-8 उत्तीर्ण | --- | 7,505.00 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 13 | चौकीदार | कक्षा-8 उत्तीर्ण | --- | 7,505.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 14 | रसोईया | कक्षा-8 उत्तीर्ण | --- | 6,755.00 | 10 | 6 | 0 | 6 | 2 | 24 |
| | | कुल योग | | | 56 | 25 | 0 | 37 | 4 | 122 |

उक्त 122 रिक्तियों हेतु आवेदन का प्रारूप, पद हेतु नियत अर्हता तथा नियम व शर्तें जनपद अलीगढ़ की एन0आई0सी0 की वेबसाइट **https://aligarh.nic.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थिनी अपने आवेदन पत्र नियत प्रारूप पर दिनांक 20 जुलाई, 2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निकट ब्लॉक संसाधन केन्द्र, लोधा, बीमानगर, टी0वी0एस0 शोरूम के सामने वाली गली, सूतमील चौराहा, अलीगढ़ 202001 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**(अवनीश कुमार)**
**जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा**
**समग्र शिक्षा, अलीगढ़**

**(आलोक सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**अलीगढ़**

**पृ0सं0:जि0बे0शि0अ0/** 5592-5605 **/2026-27** **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपिः-** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, अलीगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
4. जिला विकास अधिकारी, अलीगढ़।
5. प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मडराक, अलीगढ़।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
7. जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़।
8. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अलीगढ़ को विज्ञप्ति, नियम निर्देशों व आवेदन पत्र हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति, नियम-निर्देश व आवेदन पत्र को जनपद अलीगढ़ की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियम निर्देशों व आवेदन पत्र को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियम निर्देशों व आवेदन पत्र को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
11. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद अलीगढ़ को इस आदेश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियम निर्देशों व आवेदन पत्र को ब्लॉक संसाधन केन्द्र/ नगर संसाधन केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
12. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व अमर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के अलीगढ़ संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
13. श्री प्रणव किशोर, परिचारक, जिला परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, अलीगढ़ को इस आदेश के साथ कि वे उक्त विज्ञप्ति, नियम निर्देशों व आवेदन पत्र को कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

**जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा**
**समग्र शिक्षा, अलीगढ़**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**अलीगढ़**

Scanned with OKEN Scanner

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों का विवरण

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह | पदवार आरक्षण | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | EWS | |
| 1 | प्रधानाचार्या | (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी/अंग्रजी) अथवा एम.एस.सी. (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि। या (3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी; प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात् क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | --- | 30,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | हिन्दी में एम.ए. तथा संस्कृत के साथ बी.ए. अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल.टी. डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | 1- एम.ए. अथवा एम.एस.सी. गणित अथवा 2- गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी.ए. (आनर्स) अथवा बी.एस.सी. (आनर्स) | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 5 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1- वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम.एस.सी. अथवा 2- कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम.एस.सी., बी.एस.सी. में जन्तु विज्ञान अथवा 3- कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम.एस.सी., बी.एस.सी. में वनस्पति विज्ञान अथवा 4- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम.एस.सी. (लाइफ साइंस) अथवा 5- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी.एस.सी. | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 1- रसायन विज्ञान में एम.एस.सी. अथवा 2- रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी.एस.सी. (आनर्स) अथवा 3- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री) अथवा 4- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी.एस.सी. | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 7 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | 1-एम.एस.सी. (भौतिक शास्त्र) अथवा 2- किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी.एस.सी. | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 3 | 0 | 7 |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1- एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) अथवा 2- बी.ई./बी.टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 3- एम.सी.ए. अथवा एम.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेविल आफ डी.ओ.ई.ए.सी.सी. (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा 4- स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 5- स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी.एस.सी. (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए-लेविल ऑफ डी.ओ.ई.ए.सी.सी. (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | प्रशिक्षित | 22,000.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट-विज्ञान वर्ग के साथ | --- | 7,147.00 | 7 | 5 | 0 | 6 | 2 | 20 |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक | 1- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो । 2- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के | --- | 12,430.00 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 7 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक /NIELIT द्वारा प्रदत्त C.C.C. प्रमाण-पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण-पत्र। अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री<br>3- कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | | | | | | | | |
| 11 | केयरटेकर | परास्नातक एवं बी0एड0 | --- | 24,200.00 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 12 | चपरासी | कक्षा-8 उत्तीर्ण | --- | 7,505.00 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 7 |
| 13 | चौकीदार | कक्षा-8 उत्तीर्ण | --- | 7,505.00 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 6 |
| 14 | रसोईया | कक्षा-8 उत्तीर्ण | --- | 6,755.00 | 10 | 6 | 0 | 6 | 2 | 24 |
| | | कुल योग | | | 56 | 25 | 0 | 37 | 4 | 122 |

(1) उपरोक्त सभी पदों पर केवल महिला आवेदकों का ही चयन किया जायेगा।

(2) प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।

(3) आयु-

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
- शेष पदों पर चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

(4) **आरक्षण-** राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

(5) **चरित्र-** किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

(6) **चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण-**

- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा-

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
- रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

(6) **सत्यापन-**

शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

(7) **नवीन संविदा-**

- प्रत्येक शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के समस्त पद भारत सरकार की प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की बैठक में दिये गये निर्देशों के अधीन होगें।
- शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा।
- कार्यरत शिक्षिकाओं का व्यवहार संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र हेतु जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त नवीन संविदा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा, तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वर्ष एक नवीन सेवा अनुबन्ध किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

- किसी शिक्षिका की सेवाएं संतोषजनक नहीं पाये जाने की दशा में मूल्यांकनकर्ता अधिकारी (खण्ड शिक्षा अधिकारी/जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) द्वारा सम्बन्धित शिक्षिका को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के उपरान्त प्राप्त उत्तर के आधार पर पत्रावली में उन परिस्थितियों का साक्ष्य सहित स्पष्ट आंकलन किया जायेगा तथा जिलाधिकारी के समक्ष युक्ति-युक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा।
- सेवा अनुबन्ध में यह प्राविधान किया जायेगा कि यदि उसकी सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं तो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवा/संविदा को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमितता/गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुये सम्बन्धित के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

**(8) अन्य नियम व शर्तें:**

1. चयन उपरांत केयरटेकर, चौकीदार, चपरासी एवं रसोईयों का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका सेवा अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्ण कालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।
2. विद्यालय में रू0 15,000.00 से कम मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को ई0पी0एफ0 से आच्छादित किया जायेगा, जिसमें 12 प्रतिशत कर्मचारी अंशदान तथा 13 प्रतिशत नियोक्ता अंशदान की कटौती कर मानदेय भुगतान किया जायेगा।
3. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य व्यवहार सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जा सकता है।
4. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति, अर्हता, नियम शर्तो एवं आवेदन पत्र को जनपद अलीगढ़ की वेबसाइट **https://aligarh.nic.in** पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
5. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में जिस पद/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।
6. **इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 20 जुलाई, 2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निकट ब्लॉक संसाधन केन्द्र, लोधा, बीमानगर, टी0वी0एस0 शोरूम के सामने वाली गली, सूतमील चौराहा, अलीगढ़ उ0प्र0 202001 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण-पत्र, सामान्य निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य वॉछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं तथा अपने पता लिखे हुए 03 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के निर्धारित शुल्क के डाकटिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम तथा आरक्षण वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना फोटो, बिना हस्ताक्षर, निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।**
7. अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित करायी जा रही विज्ञप्ति/सूचना को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति, के0जी0बी0वी0 जनपद अलीगढ़ के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी न्यायालयी वाद मान्य नहीं होगा। रिक्त पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है, उक्त विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।

(अवनीश कुमार)
जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, अलीगढ़

(आलोक सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अलीगढ़

Scanned with OKEN Scanner

जनपद अलीगढ में उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में प्रधानाचार्या, पी0जी0टी0 एवं केयर टेकर के पदों पर चयन हेतु आवेदन-पत्र

(आवेदन पत्र आवेदक द्वारा स्वयं साफ-साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार लिखी जाये। ओवरराइटिंग युक्त, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

**Latest Self-Attested Color Photo of the Applicant**

1. आवेदित पदनाम..........................................................................................
2. आवेदक का नामः
   (हिन्दी में).................................................................................................
   (अंग्रेजी में)................................................................................................
3. पिता का नाम
   (हिंदी में).................................................. (अंग्रेजी में)..................................................
4. पति का नाम
   (हिंदी में).................................................. (अंग्रेजी में)..................................................
5. जन्मतिथि (हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार) तिथि......................माह......................वर्ष.........................
6. 01 अप्रैल, 2026 को हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण-पत्र के आधार पर आयु..................दिन...............माह..................वर्ष
7. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)..........................................................................
   ..................................................................................................................
   (ब) पत्र व्यवहार का पता..........................................................................................
   ..................................................................................................................
8. ई.मेल यदि हो..................................................मोबाइल नंबर...............................................
9. आधार कार्ड संख्या (अनिवार्य)......................................पैन कार्ड संख्याः..........................................
10. जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति, अन्य पिछडी जाति)........................विकलांगता यदि हो...................
11. अनुभव (यदि हो)......................................................लिंगः..................................................
12. आवेदक की शैक्षिक/वरीयमान योग्यता का विवरण

| शैक्षिक उपाधियों का विवरण | पाठ्यक्रम की अवधि | विषय |
|---|---|---|
| प्रशिक्षित | | |
| हाईस्कूल | | |
| इण्टरमीडिएट | | |
| स्नातक | | |
| स्नातकोत्तर | | |
| अन्य | | |

Scanned with OKEN Scanner

| परीक्षा | बोर्ड एवं कालेज/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षित | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

13. आवेदन से सम्बन्धित संलग्नकों का विवरण

1. ....................................................
2. ....................................................
3. ....................................................
4. ....................................................
5. ....................................................
6. ....................................................
7. ....................................................
8. ....................................................
9. ....................................................
10. ....................................................
11. ....................................................
12. ....................................................
13. ....................................................
14. ....................................................
15. ....................................................
16. ....................................................
17. ....................................................
18. ....................................................

## घोषणा

मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त समस्त विवरण पूर्ण रूप से सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा भली भांति परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉच/सत्यापन उपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित पूर्ण मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं/प्रविष्टियों से सम्बन्धित समस्त मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र/ अभिलेख आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास मूल रूप में उपलब्ध है।

दिनांकः.........................

स्थानः.........................

आवेदक के पठनीय हस्ताक्षर

**निम्नांकित विवरण कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा भरा जायेगा।**

1. आवंटित कन्ट्रोल नं0............................................
2. आवेदन प्राप्ति का दिनांक............................................

Scanned with OKEN Scanner

**जनपद अलीगढ़ में उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में लैब असिस्टेन्ट, कार्यालय अधीक्षक/लिपिक, चपरासी, चौकीदार तथा रसोईया के पद पर चयन हेतु आवेदन-पत्र**

(आवेदन पत्र आवेदक द्वारा स्वयं साफ-साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि आठवीं/हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार लिखी जाये। ओवरराइटिंग युक्त, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

| Latest Self-Attested Color Photo of the Applicant |
|---|

1. आवेदित पदनाम............................................................

2. आवेदक का नामः

   (हिन्दी में)............................................................

   (अंग्रेजी में)............................................................

3. पिता का नाम

   (हिंदी में)........................................ (अंग्रेजी में)........................................

4. पति का नाम

   (हिंदी में)........................................ (अंग्रेजी में)........................................

5. जन्मतिथि (आठवीं/हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार) तिथि....................माह....................वर्ष....................

6. 01 अप्रैल, 2026 को आठवीं/हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण-पत्र के आधार पर आयु...............दिन............माह.................वर्ष

7. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)............................................................

   ............................................................

   (ब) पत्र व्यवहार का पता............................................................

   ............................................................

8. ई.मेल यदि हो........................................मोबाइल नंबर........................................

9. आधार कार्ड संख्या (अनिवार्य)........................................पैन कार्ड संख्याः........................................

10. जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति, अन्य पिछडी जाति)...........................विकलांगता यदि हो....................

11. अनुभव (यदि हो)........................................लिंगः........................................

12. आवेदक की शैक्षिक/कम्प्यूटर योग्यता का विवरण

| शैक्षिक उपाधियों का विवरण | पाठ्यक्रम की अवधि | विषय |
|---|---|---|
| कक्षा-08 | | |
| हाईस्कूल | | |
| इण्टरमीडिएट | | |
| कम्प्यूटर योग्यता (पाठ्यक्रम का नाम अंकित किया जाये) | | |
| अन्य/डिप्लोमा आदि | | |

13. टंकण गति (शब्द प्रति मिनट) : हिंदी.......................................अंग्रेजी.........................................

| परीक्षा | बोर्ड एवं कालेज/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-08 उत्तीर्ण | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| कम्प्यूटर योग्यता | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

14. आवेदन से सम्बन्धित संलग्नकों का विवरण

1. ....................................................... 8. .....................................................
2. ....................................................... 9. .....................................................
3. ....................................................... 10. .....................................................
4. ....................................................... 11. .....................................................
5. ....................................................... 12. .....................................................
6. ....................................................... 13. .....................................................
7. ....................................................... 14. .....................................................

## घोषणा

मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त समस्त विवरण पूर्ण रूप से सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा भली भांति परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉच/सत्यापन उपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित पूर्ण मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं/प्रविष्टियों से सम्बन्धित समस्त मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र/ अभिलेख आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास मूल रूप में उपलब्ध है।

दिनांकः.........................

स्थानः......................... आवेदक के पठनीय हस्ताक्षर

**निम्नांकित विवरण कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा भरा जायेगा।**

1. आवंटित कन्ट्रोल नं0..........................................
2. आवेदन प्राप्ति का दिनांक......................................

Scanned with OKEN Scanner